तापमान
अधिकतम 35 .8 डिग्री
न्यूनतम 23 .9 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, शनिवार, 19 जुलाई, 2025

11 ईमानदारी और निष्ठा से अपनी ड्यूटी करें अधिकारी : सांसद

12 तीरंदाजी में दिखा हरियाणा और पंजाब का जलवा


## खबर संक्षेप



### केबल डालने के कार्य के चलते 6 घंटे बिजली गुल

**सोनीपत।** मंडी क्षेत्र के कमेटी स्कूल और आसपास के क्षेत्रों में टीकाराम फीडर से बिजली आपूर्ति बाधित रही, जिससे स्थानीय लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। जानकारी के अनुसार, क्षेत्र में केबल डालने का कार्य चल रहा है, जिसके चलते सुबह 12 बजे से ही बिजली काट दी गई थी। शाम 6 बजे तक बिजली आपूर्ति बहाल नहीं हो सकी थी, जिससे लोगों में रोष देखने को मिला। स्थानीय निवासियों ने बताया कि बार-बार बिना सूचना के क्षेत्र में घंटों बिजली जाना अब आम बात हो गई है।

### कावड़ यात्रा के लिए बनाया कंट्रोल रूम

**सोनीपत।** उपायुक्त सुशील सारवान ने बताया कि बाढ़ राहत से संबंधित सूचना या शिकायत के लिए जिला प्रशासन द्वारा लघु सचिवालय के दूसरी मंजिल स्थित कमरा नंबर 118 में कंट्रोल रूम को ही कावंड यात्रा के दौरान आपसी समन्वय स्थापित करने, किसी भी दुर्घटना उपरांत सूचना कार्यवाही अमल में लाने एवं यातायात तथा शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए कंट्रोल रूम बनाया गया है। उन्होंने बताया कि कावड यात्रा के दौरान किसी भी सहायता के लिए कंट्रोल रूम के नंबर 0130-2221590 पर कॉल कर सकते हैं।

### भटगांव में दुकान के बाहर से कूलर चोरी

**सोनीपत।** सदर थाना क्षेत्र के गांव भटगांव में दुकान के बाहर से कूलर के चोरी होने का मामला सामने आया है। चोरी की वारदात दुकान के बाहर लगे सीसीटीवी में कैद हो गई। चोर कुछ ही मिनटों में कूलर को चोरी करके फरार हो गया। दुकान मालिक का कहना है कि गांव में अलग-अलग जगहों पर चोरी की वारदात हुई है। ग्रामीणों ने पुलिस से गश्त बढ़ाने की मांग की है। गांव भटगांव निवासी अशोक ने बताया कि वह उसने गांव के अड्डे पर किराए के लिए दुकानें बना रखी है। परचून की दुकान के बाहर उसने कूलर लगा रखा है। रात को करीब 11 बजे एक संदिग्ध दुकान के बाहर आया। ।

### बैंयापुर में घर के बाहर से थार गाड़ी चुराई

**सोनीपत।** सदर थाना क्षेत्र के गांव बैंयापुर में घर के बाहर से थार गाड़ी के चोरी होने का मामला सामने आया है। गांव बैंयापुर निवासी सन्नी ने बताया कि उसने हर रोज की तरह गत 10 जुलाई को अपनी थार गाड़ी को घर के बाहर खड़ा किया था। किसी ने उसकी गाड़ी को चोरी कर लिया। अपने स्तर पर गाड़ी की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है।

### मोतियाबिंद के 10 रोगी ऑपरेशन के लिए रवाना

**गन्नौर।** भारत विकास परिषद गन्नौर शाखा द्वारा शनिवार को मोतियाबिंद से पीड़ति 10 रोगियों को आपरेशन के लिए रवाना किया गया। इन सभी रोगियों का आपरेशन दिल्ली के मौजीराम नेत्र अस्पताल, पल्ला रोड, बख्तावरपुर में किया जाएगा। परिषद के अध्यक्ष संदीप सिंघल ने बताया कि 12 जुलाई को नई अनाज मंडी में स्वर्गीय लाला श्रीपाल जैन की पुण्यतिथि पर शिविर में 33 मोतियाबिंद रोगी चिन्हित हुए थे, जिनके आपरेशन 18 व 21 जुलाई तक दिल्ली में होंगे। शुक्रवार को पहला दल रवाना किया गया।

# शिविर में अपने पिता के साथ कावड़ियों की सेवा कर रही 9 साल की चारू को स्कॉर्पियो गाड़ी ने कुचला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

झरोठ गांव में नौ वर्षीय लड़की चारु की कार की चपेट में आने से मौके पर मौत हो गई। पुलिस ने लड़की का पोस्टमार्टम कराकर शव को परिजनों के हवाले कर दिया है। जानकारी के अनुसार, चारू अपने पिता दीपक के साथ कांवड़ शिविर में सेवा कार्य में लगी हुई थी। पुलिस और ग्रामीणों की मिली जानकारी के अनुसार, जैसे ही चारू सड़क पार कर रही थी, तेज रफ्तार से आ रही स्कॉर्पियो ने पीछे से टक्कर मार दी।

### हादसों को रोकने के लिए कदम उठाए प्रशासन


चारू का फाइल फोटो।

ग्रामीणों का यह भी आरोप था कि ये लापरवाही कांवड़ शिविर जैसे पवित्र आयोजन की गरिमा पर प्रश्नचिह्न है। ग्रामीणों ने मांग की है कि कांवड़ मार्ग व आसपास के क्षेत्रों में तेज रफ्तार वाहनों पर नियंत्रण हेतु जांच-पड़ताल हो। सुरक्षा के दृष्टिगत यातायात प्रतिबंध एवं रणनीति लागू की जाए। ऐसे हादसों को दोबारा रोकने के लिए सख्त कानूनी कार्रवाई हो, जिससे भविष्य में मासूमों की जान बचे। खरखौदा थाना पुलिस ने तुरंत केस दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल भेजा। पुलिस अधिकारीयों का कहना है कि आरोपी चालक ऋषभ तनेजा को गिरफ्तार कर लिया है।

### गाड़ी चालक को ग्रामीणों ने दबोचा

टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि चारू की मौके पर ही मृत्यु हो गई। हादसे की जानकारी मिलते ही सैकड़ों ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। गुस्साए ग्रामीणों ने चालक को दबोच लिया और पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने उसका वाहन भी जब्त कर लिया गया। ग्रामीणों का कहना था कि वाहन की रफ्तार अधिक तेज थी और चालक ने कोई ब्रेक तक नहीं लगाया।

# बुजुर्ग पर कुत्ता झपटा, डर के मारे सड़क पर गिरा, हार्ट अटैक से मौके पर ही मौत!

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

मुरथल थाना क्षेत्र के गांव धतूरी में दुकान से किरयाने का सामान लेकर कमरे पर जा रहे बुजुर्ग के हाथ में लिए थैले पर कुत्ते ने झपट दिया। डर के चलते बुजुर्ग नीचे गिर गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। अंदेशा है कि उसकी मौत हार्ट अटैक से हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में भिजवाया। बुजुर्ग एक दिन पहले ही मजदूरी करने के लिए आया था। मिली जानकारी के अनुसार लखीमपुर खेरी निवासी राजकुमार (66) मेहनत-मजदूरी का काम करता था। वह एक दिन पहले गांव धतूरी में अपने जानकार के पास आया था। दुकान से सामान लेकर वापस कमरे पर लौट रहा था। रास्ते में हाथ में थैले में लिए सामान पर कुत्ते ने झपट दिया। जिसके डर के चलते बुजुर्ग गिर गया। जानकारी मिली कि बुजुर्ग गिरने के बाद नहीं उठा। राहगीरों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। मुरथल थाना पुलिस ने मौके से जरूरी नमूने एकत्रित कर शव को अस्पताल भिजवाया।

### विसरा जांच के लिए भेजा

पुलिस के अनुसार शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। जांच अधिकारी संदीप ने बताया कि विसरा जांच के लिए भेज दिया गया है। मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। चिकित्सक बताएं अनुसार हार्टटेक मौत का कारण हो सकता है। शरीर पर कोई चोट का निशान नहीं मिला है।

## बसों में यात्रा करने वालों के लिए राहत भरी खबर

# रोडवेज ने नई एसी बसों को चंडीगढ़ और यमुनानगर रूट पर किया शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

रोडवेज ने नई पांच एसी बसों को चंडीगढ़ व यमुनानगर रूट पर संचालन शुरू कर दिया है। यात्रियों को अब इन रूटों पर सामान्य बसों के साथ-साथ एसी बस सेवा का लाभ भी मिलेगा। रोडवेज के बेडे में शामिल 14 एसी बसों को दिल्ली, चंडीगढ़ समेत कई रूटों पर चलाया जा रहा है। इन बसों में टू प्लस टू सीटों की सिटिंग है। बसों में सफर करने वाले यात्रियों को आरामदायक सीटें और हर सीट पर चार्जिंग प्वाइंट की सुविधा दी गई है। इसके अलावा रोडवेज की एसी बसों में हर सीट पर आर्म रेस्ट लगे हुए हैं, ताकि यात्री को लंबे समय तक सफर करने में परेशानी न हो। आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के लिए हर सीट पर आपातकालीन निकासी की सुविधा है।

बता दें कि सोनीपत बस अड्डा में दो महीने में एसी की नौ नई बसें पहुंची हैं। इन बसों में टू प्लस टू सीटों की सिटिंग है। बसों में सफर करने वाले यात्रियों को आरामदायक सीटें और हर सीट पर चार्जिंग प्वाइंट की सुविधा दी गई है। इसके अलावा रोडवेज की एसी बसों में हर सीट पर आर्म रेस्ट लगे हुए हैं, ताकि यात्री को लंबे समय तक सफर करने में परेशानी न हो और दूसरे यात्री को दिक्कत न हो। आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के लिए हर सीट पर आपातकालीन निकासी की सुविधा है। रोडवेज के अधिकारियों का कहना है कि नई एसी बसों में सफर करने वाले यात्रियों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है।



**सोनीपत।** बस परिसर में खड़ी बसें व मौजूद यात्री।

### सीईटी के लिए रोडवेज का विशेष प्लान

सीईटी के लिए रोडवेज ने विशेष प्लान तैयार किया है, जिसमें 191 बसें भेजने की योजना है। जिले के अभ्यर्थियों के लिए रोडवेज गुरुग्राम व कुरुक्षेत्र के लिए बसों का संचालन 26 व 27 जुलाई को करेगा, ताकि अभ्यर्थी परीक्षा केंद्र पर समय पर पहुंच जाए। सीईटी की परीक्षा सुबह व शाम दो शिफ्टों में आयोजित होगी।

### मुफ्त बस सेवा

रोडवेज के प्रयास है कि अभ्यर्थियों को समय पर परीक्षा केंद्रों तक पहुंचाया जा सके। इसके लिए जल्द ही डेस्क बनाए जाएंगे, जहां पर अभ्यार्थियों को अपना पंजीकरण कराना होगा। इसके बाद रोडवेज की मुफ्त बस सेवा का फायदा ले सकेंगे। एसी की नई बसों को सड़कों पर उतार दिया गया है। इन्हें चंडीगढ़ व यमुनानगर रूट पर चलाया गया है। सोमवार को एसी बसों का दोबारा से रूट मैप तैयार किया जाएगा और उसके अनुसार बसों का परिचालन होगा।

### रूट मैप तैयार होगा

एसी की नई बसों को सड़कों पर उतार दिया गया है। इन्हें चंडीगढ़ व यमुनानगर रूट पर चलाया गया है। सोमवार को एसी बसों का दोबारा से रूट मैप तैयार किया जाएगा और उसके अनुसार बसों का परिचालन होगा।
*-सुरेन्द्र, एसएस., सोनीपत बस डिपो।*

# नाबालिग से किया प्रेम विवाह, अब गर्भवती हुई दोनों परिवारों ने छिपाई लड़की की उम्र, केस दर्ज

- गोहाना की एक पीएचसी में पहुंची थी गर्भवती युवती
- पॉक्सो एक्ट व बाल विवाह निषेध अधिनियम में मुकदमा दर्ज करने को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

गोहाना क्षेत्र में नाबालिग लडकी से प्रेम विवाह और उसके गर्भवती होने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। यह खुलासा उस समय हुआ जब 8 जुलाई को गोहाना के एक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से महिला संरक्षण एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी को लड़की के गर्भधारण की सूचना मिली। युवती यहां इलाज करवाने आई थी। अधिकारी रजनी गुप्ता ने जांच शुरू करवाई और मामला गंभीर कानूनी उल्लंघन में तब्दील हो गया। रजनी गुप्ता ने सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं, जिसके तहत बरोदा थाना पुलिस को पॉक्सो एक्ट व बाल विवाह निषेध अधिनियम में मुकदमा दर्ज करने को पत्र लिखा गया है। महिला संरक्षण एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी रजनी गुप्ता ने बताया कि 8 जुलाई को गोहाना क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से भेजी सूचना में एक नाबालिग लड़की के गर्भवती होने की जानकारी मिली थी। उन्होंने इस पर तुरंत संज्ञान लेते हुए संबंधित पुलिस थाने को अवगत कराया। सदर गोहाना पुलिस ने 16 जुलाई को लड़की, उसकी मां और युवक को संरक्षण अधिकारी कार्यालय में प्रस्तुत किया। पूछताछ में सामने आया कि दोनों ने 6 फरवरी को गांव के मंदिर में प्रेम विवाह किया था। उस समय लड़की की आयु 17 वर्ष 4 माह 17 दिन और युवक की उम्र 26 वर्ष 6 दिन थी। चिकित्सकीय जांच में यह भी पुष्टि हुई कि लड़की करीब पांच माह की गर्भवती है। रजनी गुप्ता ने बताया कि लड़की की मां ने अपने बयान में कहा कि उनकी बेटी ने अपनी मर्जी से शादी की थी। जांच में सामने आया कि दोनों परिवारों ने लड़की की उम्र को छिपाया। इस पर संरक्षण अधिकारी ने दोनों के स्कूलों से शैक्षणिक रिकॉर्ड के माध्यम से आयु सत्यापन कराया, जिसमें यह पुष्टि हुई कि विवाह के समय लड़की नाबालिग थी। लड़की ने वर्ष 2024 में दसवीं कक्षा उत्तीर्ण की है।

### जेसीबी चलाता है युवक, स्कूल जाती थी युवती

जांच पड़ताल के दौरान पता चला कि शादी करने वाला युवक जोकि 26 साल का है, जेसीबी ऑपरेटर है। वहीं लड़की अपने गांव के पास वाले गांव के स्कूल में पढ़ने के लिये जाती थी। युवक को स्कूल वाले गांव में ही काम मिला हुआ था, जहां पर इसकी दोस्ती लड़की के साथ हो गई। इसी बीच दोनों ने घर से भागकर मंदिर में शादी कर ली।

### उच्च अधिकारियों को सूचित किया

यह मामला न केवल कानून का उल्लंघन है बल्कि यह एक बच्ची के बचपन, शिक्षा और भविष्य के साथ गंभीर अन्याय भी है। लड़की की आयु छिपाना, बाल विवाह करना और नाबालिग को गर्भवती करना गंभीर अपराध हैं। एसएचओ बरोदा को पत्र लिखकर इस मामले में पॉक्सो एक्ट, बाल विवाह निषेध अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज करने की सिफारिश की है। साथ ही पुलिस आयुक्त सोनीपत, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला बाल संरक्षण इकाई और अन्य उच्च अधिकारियों को भी सूचित किया गया है।
*- रजनी गुप्ता, महिला संरक्षण एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी सोनीपत*

# 15 साल से 12वीं पास चला रहा था डेंटल क्लीनिक, सीएम फ्लाइंग ने पकड़ा, केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सिविल लाइन थाना क्षेत्र में मुख्यमंत्री उड़नदस्ते व स्वास्थ्य विभाग की टीम ने डेंटल क्लीनिक पर छापेमारी करते हुए बिना डिग्री के डेंटल क्लीनिक चलाने का भंडाफोड़ किया है। टीम ने मौके से जरूरी दवाइयां व उपकरण बरामद किए है। आरोपित डेंटल क्लीनिक संचालक महज 12वीं पास मिला। वह पंद्रह साल से क्लीनिक चला रहा था। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री उड़नदस्ता कार्यालय करनाल में तैनात टीम के सदस्य इंस्पेक्टर बिजेंद्र, एसआई राजेश, महावीर ने स्वास्थ्य अधिकारी डा. बिजेंद्र खोखर तैनात दंत सर्जन सीएचसी बढ़खालसा, डा. प्रियंका एमओ यूपीएचसी सुभाष नगर के साथ मिलकर दयाल चौक कुमार गेट पर स्थित सेठी डेंटल क्लीनिक पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान ललित निवासी मोहनपुरा को काबू किया गया। आरोपित डेंटल चेयर पर काम करते हुए पाया गया। टीम ने पाया कि पीड़ित उषा रानी निवासी ओल्ड डीसी रोड सोनीपत डेंटल चेयर पर लेटी हुई थी। टीम ने छापेमारी के दौरान डिग्री की दिखाने के लिए कहा गया, लेकिन उपचार कर रहा ललित महत 12 वीं पास मिला। टीम को मौके से दवाइया, उपकरण व साथ ही डेंटल चेयर, ऑटोक्लेव बरामद किए। जांच अधिकारी एसआई दलजीत सिंह ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।

# कोर्ट के सामने खुला शराब ठेका सील न्यायालय ने लगाई अंतरिम रोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

न्यायालय परिसर के मुख्य द्वार के सामने खुले शराब ठेके पर न्यायालय ने अंतरिम रूप से रोक लगा दी है। आदेश के चलते ठेके को सील कर दिया गया। यह रोक वादी द्वारा धारा 91 सीपीसी के तहत दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए लगाई गई। वादी के अधिवक्ता ने तर्क दिया कि कोर्ट के सामने शराब की दुकान से सार्वजनिक उपद्रव, असामाजिक तत्वों की आवाजाही और सफाई व्यवस्था पर बुरा असर पड़ रहा है। कोर्ट ने आदेश दिया कि मामले में जिला आबकारी आयुक्त 21 जुलाई को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित हों। वहीं, कोर्ट द्वारा नियुक्त स्थानीय आयुक्त ने निरीक्षण के दौरान पाया कि दुकान में न तो लाइसेंस था और न ही साइट प्लान। सेल्समैन राहुल ने भी इसकी पुष्टि की। नगर पालिका के अनुसार, दुकान के संचालन के लिए न तो कोई अनुमति ली गई और न ही विकास शुल्क जमा किया गया। आबकारी नीति 2025-27 के अनुसार यह स्पष्ट उल्लंघन है। इन तथ्यों के आधार पर न्यायालय ने शराब दुकान के संचालन पर रोक लगाई और एसडीएम, नगर पालिका सचिव व आबकारी अधिकारी को आदेश लागू करने के निर्देश दिए।



### नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से बरसात होगी

**सोनीपत।** शुक्रवार को पूरा दिन बादलों की आंख मिचौली के बीच शाम के समय तेज हवाओं के साथ आई बौछारों ने मौसम को ठंडा कर दिया। अब एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने के आसार हैं, जिसके बाद मानसून पूरी तरह से एक्टिव होगा। बारिश अभी टुकड़ों में हो रही है, पर जल्द व्यापक रूप से बरसात होगी।

**AMENDMENT**

An advertisement was published by us in the Newspaper, "Hari Bhoomi" Sonipat edition pullout front page on July 16th 2025 against the position vacant at Renu Vidya Mandir. In this advertisement please read the experience for the post of Librarian 2 years' library experience instead of 5 years teaching experience.

Principal

## पीजीआई में बच्ची की मौत का मामला, लापरवाही का आरोप

# न्याय के लिए एससी/एसटी आयोग पहुंचा परिवार

- बच्ची के पिता पवन कुमार अहिरवार को आज एसीपी खरखौदा जीत सिंह बेनीवाल द्वारा अपने कार्यालय में जांच में शामिल होने के लिए बुलाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

पीजीआई में लापरवाही के 31 मई को जान गंवा बैठी एक साल की मासूम बच्ची के पिता पवन कुमार अहिरवार को आज एसीपी खरखौदा जीत सिंह बेनीवाल द्वारा अपने कार्यालय में जांच में शामिल होने के लिए बुलाया गया। यह बुलावा राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग द्वारा पुलिस व जिला प्रशासन से मांगी गई रिपोर्ट के संदर्भ में किया गया था। इस दौरान पवन अहिरवार ने अपनी बेटी की चिकित्सा लापरवाही से हुई मृत्यु के संबंध में बयान दर्ज कराए और आयोग को भेजे गए पत्र के आधार पर निष्पक्ष जांच की मांग की। उन्होंने विशेष रूप से इस मुद्दे को अनुसूचित जाति उत्पीड़न के दृष्टिकोण से देखने का आग्रह किया और दोषियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की। बच्ची के पिता के साथ अन्याय के विरुद्ध-न्याय युद्ध मंच के संयोजक देवेन्द्र गौतम भी उनके साथ रहे। सहायक पुलिस आयुक्त जीत सिंह बेनीवाल द्वारा निष्पक्ष जांच एवं आवश्यकतानुसार कड़ी कानूनी कार्रवाई का आश्वासन दिया गया है। उन्होंने कहा कि मेडिकल बोर्ड की रिपोर्ट आने के बाद जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर समाजसेवी देवेंद्र गौतम ने सरकार से पीड़ित परिवार के लिए उचित मुवावजा देने व लापरवाही बरतने वाले डॉक्टर्स पर कड़ी कारवाई की मांग की। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि ऐसे मामलों में दलित परिवारों को न्याय देने के लिए संवेदनशीलता और तत्परता जरूरी है। देवेन्द्र गौतम ने बताया कि एससी/एसटी आयोग में भेजी शिकायत में बच्ची के पिता ने 6 मांगे मुख्य रूप से लिखी थी।


**सोनीपत।** जानकारी देते हुए देवेंद्र गौतम साथ में पीड़ित।

### ये हैं मांगें

- जातीय उत्पीड़न के रूप में संज्ञान लिया जाए।

2. संबंधित चिकित्सकों एवं अधिकारियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज हो
3. हरियाणा के सभी नागरिक अस्पतालों में बच्चों के लिए पर्याप्त पीआईसीयू की सुविधाएं सुनिश्चित करें
4. भविष्य में ऐसे मामलों की रोकथाम हेतु एसओपी (स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर) लागू की जाए।
5. हरियाणा के सभी नागरिक अस्पतालो में निष्क्रिय पड़े वेंटीलेटर को तुरंत सुचारु रूप से चालू किया जाए।

### डीटीपी ने ध्वस्त किए अवैध निर्माण



**खरखौदा।** जिला नगर योजनाकार (डीटीपी) अजमेर सिंह ने बताया कि अवैध कॉलोनियों और निर्माणों को प्रारंभिक चरण में ही ध्वस्त करने के लिए प्रशासन द्वारा लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में गुरूवार को जिला नगर योजनाकार, सोनीपत की इन्फोर्समेंट टीम द्वारा खरखौदा में शहरी क्षेत्र में लगती हुई 6.15 एकड़ में बनी 2 अवैध कॉलोनिया जिसमें 27 डीपीसी 1 बाउंड्री वॉल व कच्चे रास्ते को जिला प्रशासन की मदद से कार्यवाही करते हुए ध्वस्त किया गया। यह कार्यवाही शहरी क्षेत्र अधिनियम के तहत की गई है। इन्फोर्समेंट टीम द्वारा बताया गया कि विभाग द्वारा की जा रही कार्यवाही में और सख्ती बरती जाएगी।





एनाकोंडा सांप का वजन लगभग 300 किलो तक हो सकता है।



बिच्छू एक हफ्ते तक सांस रोककर भी जिन्दा रह सकता है।

# एजुकेशन लोन : पढ़ाई में आ रही है दिक्कतों से मुक्ति



नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

हर कोई बिना किसी बाधा के अपनी पढाई का सफर पूरा करना चाहता है ताकि वह अपने पैरों पर खड़ा हो सके। कुछ लोगों के साथ ऐसा नहीं होता है क्योंकि घर की स्थिति खराब होती है और वो अपनी शिक्षा को जारी नहीं रख पाते हैं। अगर कोई भी इस तरह की स्थिति से जूझ रहा हैं तो उसे बैंक से एजुकेशन लोन मिल सकता है। अगर अभिभावक बच्चे को उच्च शिक्षा दिलाने में काबिल नहीं हैं और उनका सपना है कि उनका बच्चा जिंदगी में बढ़े लेवल पर काम करे तो वह स्टूडेंट स्कालरशिप कि साथ साथ स्टूडेंट लोन भी ले सकते हैं।

## क्या है एजुकेशन लोन

अपनी एजुकेशन पर किसी बैंक संस्थान से लिया गया पैसा या उच्च स्तर की शिक्षा के लिए लोन लेने को एजुकेशन लोन या फिर स्टूडेंट लोन का नाम दिया जाता है। इस लोन को छात्र खुद या उसके अभिवावक प्राप्त कर सकते हैं और अपने बच्चे को आगे की पढाई बिना किसी रूकावट के करा सकते हैं। इसी के साथ छात्र का सपना अगर विदेश में उच्च शिक्षा प्राप्त करना है तो वह बैंक की शर्तों के आधार पर लोन प्राप्त कर सकता है।

### कैसे लें लोन

शिक्षा ऋण लेने से पहले आपको इसके टर्म और कंडीशन को अच्छे से समझना होगा ताकि बाद में पैसा वापस करने में कोई परेशानी न उठानी पड़े। लेकिन यह भी सही है कि शिक्षा ऋण में आपको दूसरे ऋणों के मुकाबले काफी कम ब्याज और ज्यादा समय भी मिलता है। इसके लिए आपको सही बैंक को चुनना जरुरी है और उनसे उनकी शर्तों को पता कर लें। अगर आप बाद में लोन की राशि लुटाने में सक्षम हो तो आप एक गारंटर को साथ लेकर बैंक के सारे रूल मानते हुए लोन ले सकते हैं। लोन की पूरी पर्किर्या पास होने पर जब आप और बैंक बिल्कुल निश्चिंत हो जाएं तो आपको लोन का पैसा दे दिया जाता है। जिसकी मदद से आप आसानी से अपनी उच्च शिक्षा के सपने को साकार कर पाएंगे।

## कितने प्रकार का होता है लोन

**पेरेंट्स लोन** :- यह लोन स्टूडेंट के मां-बाप को दिया जाता है, जिनकी वित्तीय क्षमता बच्चों को उच्च सत्तर की शिक्षा देने में सही नहीं होती। यह पैरेंट लोन लेकर वह अपने बच्चे को उच्च शिक्षा दिला सकते हैं।

**अंडर ग्रेजुएट लोन** :- यह लोन उन स्टूडेंट्स के लिए होता है जो अपनी स्कूल की पढाई पूरी करने के बाद स्नातक करना चाहते हैं और वह ग्रेजुएशन चाहे भारत में या विदेश में करनी हो उनको लोन मिल जाता है और लोन की मदद से छात्र आसानी से अपनी ग्रेजुएशन कर पता है।

**प्रोफेशनल ग्रेजुएट लोन** :- इसका मतलब जो छात्र स्नातक पूरा कर चुके हैं और आगे की पढाई करना चाहते हैं , तो उनको यह लोन दिया जाता है।

**करियर एजुकेशन लोन** :- किसी खास क्षेत्र में अपना करियर बनाने की इच्छा रखने वाले यह लोन ले सकते हैं। जैसे कि अगर कोई डॉक्टर बनना चाहता है तो वह मेडिकल करियर के लिए लोन पास करवा सकता है।

इन सभी में से आपको किसी भी प्रकार का लोन चाहिए तो आप अपने नजदीकी बैंक से इसकी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं और लोन के प्रोसेस के लिए आगे बढ़ सकते हैं।

## डाक्यूमेंट और जरूरत पर करता निर्भर

### कितना लोन मिलता

एजुकेशन लोन की राशि आपके पढाई के डाक्यूमेंट्स और आपकी जरूरत पर निर्भर करती हैं। आपको 50,000 से लेकर 4 लाख रूपए तक का स्टूडेंट लोन आसानी से मिल जाता है जो आप बिना किसी गारंटी के ले पाएंगे। अगर आप 10वीं पास यानी कि 10वीं के सर्टीफिकेट पर लोन लेना चाहते हो तो आपको 50,000 से लेकर 1,50,000 रूपए तक लोन मिल जाता है।

### क्या कागजात चाहिए

स्टूडेंट को अपनी एजुकेशन पर लोन लेने के कुछ जरुरी कागजातों की जरुरत पड़ेगी, एजुकेशन लोन कागजात के लिए निम्नलिखित दस्तावेज चाहिए।

योग्यता प्रमाण पत्र, कोर्स की जानकारी

आयु दस्तावेज , निवास पता

पहचान पत्र , बैंक की पासबुक

पासपोर्ट साइज फोटो

### प्रोसेस

आपको किसी बैंक या संस्था से लोन लेने के लिए पुरे प्रोसीजर को फॉलो करना होता है ताकि आपको जल्दी और ठीक तरीके से लोन का पैसा मिल सके। यह है लोन प्रोसेस।

- सबसे पहले बैंक का निर्धारण कर बैंक से संपर्क करें।
- बैंक अधिकारीयों से स्टूडेंट लोन के बारे में पता करें और उनके द्वारा दिए गए फॉर्म को ठीक से भरें।
- अब बैंक आपसे जो भी जरुरी कागजात मांगती है वह उपलब्ध करवाएं।
- बैंक वाले आपसे जो जानकारी पूछे उसे सही से बताएं और उनकी शर्तें भी पता करें।
- अगर अपने फॉर्म के साथ डॉक्यूमेंट भी जमा करा दिए हैं तो बैंक के जवाब का इंतजार करें।
- बैंकों की अपनी एक प्रोसेस होती है लोन को पास करने की वह पूरी होते ही आपको लोन मिल जाता है।

### ब्याज दर

एजुकेशन लोन में ब्याज दरें दूसरी लोन स्कीम के मुकाबले काफी कम होती हैं। बैंक की ब्याज दर सबकी अलग अलग होती हैं। इसमें समय-समय पर बदलाव होता रहता है।

## भारतीयों की पहली पसंद है विदेशों से एजुकेशन हासिल करना

# विदेश में पढ़ाई करना चाहते है तो आपके काम आएंगे यह प्लेटफॉर्म

जॉब ट्रेंड्स

करियर डेस्क

## उच्च शिक्षा प्राप्त करने का साधन

देश में पिछले कुछ समय से उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए विदेश जाने वाले भारतीय छात्रों की कुल संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। आने वाले समय में इससे और अधिक बढ़ने की संभावना है। भारतीय छात्रों के लिए विदेश में सबसे लोकप्रिय स्टडी प्लेस अमरीका, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, यूरोप और सिंगापुर है। यदि आप विदेश से उच्च शिक्षा लेना चाहते हैं तो इन प्लेटफॉर्म्स की मदद ले सकते हैं।



### ईयूगेटवे

ईयूगेटवे विदेश में अध्ययन परामर्श फर्म है, जो यूरोपीय देशों में शिक्षा के लिए परामर्श देने के साथ लैंग्वेज ट्रेनिंग प्रोग्राम भी करवाती है। **eugateway.in** पर यूनिवर्सिटी एवं कोर्स की पहचान कर सकत है। इसके साथ ही यह भी समझने का मार्गदर्शन मिलेगा कि प्रवेश प्रक्रिया क्या है, वीजा के लिए कैसे आवेदन किया जा सकता है।

### आइडीपी कंसल्टेंसी

यह कंपनी एक इंटरनेशनल एजुकेशनल ऑर्गेनाइजेशन है, जो दुनियाभर में छात्रों को प्लेसमेंट की सुविधा देती है। यहां आस्ट्रेलिया, अमरीका, यूके, न्यूजीलैंड, आयरलैंड और कनाडा में स्टडी का मार्गदर्शन मिलेगा। इस प्लेटफॉर्म पर पाठ□क्रम की सलाह के साथ आइईएलटीएस की तैयारी, वीजा, आवास, स्वास्थ्य कवर की जानकारी मिलेगी।

### एडवाइस

इस प्लेटफॉर्म की मदद से भी आप सही विदेशी शैक्षणिक संस्थान का चुनाव कर सकते हैं। यहां यूके, यूएसए, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, सिंगापुर, आयरलैंड, फ्रांस, जर्मनी, दुबई, स्विट्जरलैंड, मलेशिया आदि देशों में स्टडी की जानकारी ले सकते हैं।



### स्टडी एंड वर्क अब्रॉड

यह प्लेटफॉर्म उन लोगों के लिए उपयोगी है जो विदेश जाना चाहते हैं, फिर चाहे वजह स्टडी हो या फिर नौकरी। **Studyandworkabroad.in** पर जाकर आप अपनी रुचि और आवश्यकता के अनुसार मार्गदर्शन ले सकते हैं। यहां सही मार्गदर्शन करने के लिए आपको विदेशी सलाहकारों की मदद मिलेगी।

### लिवरेज एडु

यह प्लेटफॉर्म छात्रों को अपनी अब तक यात्रा को नेविगेट करने और उसका आकलन करने में मदद करता है। उन्हें पर्सनल एडवाइजर्स से मदद मिलती है। यहां छात्रों को रोजगार के नजरिए से यह समझने में मदद मिलती है कि किस के कोर्स वर्तमान एवं भविष्य के लिए उपयोगी होंगे। इसकी भारत एवं विदेश में 35 से अधिक साइट्स है।

### द वर्ल्डग्रेड

इस प्लेटफॉर्म की शुरुआत कोरोना के दौरान विदेश में पढ़ाई की चुनौतियों का समाधान करना है। विदेश में स्टडी करने के लिए आवेदन करने वाले छात्र अपना पहला सेमेस्टर या पूरा एक साल ऑनलाइन स्टडी कर सकते हैं। बाकी सेमेस्टर ऑफलाइन एवं कैंपस में पूरा कर सकते हैं। इस तरह एक साल अपने विदेश में रहने के खर्चे को बचा सकता है। वीजा आवेदन प्रक्रिया के लिए मार्गदर्शन अंग्रेजी भाषा की कक्षाओं की सुविधा भी मिलेगी।

### ईएसएस ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड

ईएसएस ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड उन छात्रों के लिए बहुत उपयोग है, तो विदेश में अध्ययन करना चाहते हैं। वर्ष 2001 से संचालित यह फर्म मुख्य रूप से ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, यूरोप, न्यूजीलैंड आदि देशों में प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों एवं कॉलेज में स्टडी का मार्गदर्शन करती है। इस कंपनी की 12 शाखाएं हैं और अब तक ऑस्ट्रेलिया के लिए 3,450, कनाडा के लिए 1150 और यूरोप के लिए 1200 स्टडी वीजा उपलब्ध करवा चुकी है।

### विदेश में पढ़ाई करने के फायदे

विदेश में पढ़ाई का विकल्प चुनने से आप दुनिया को एक्सप्लोर कर सकते हैं। वहां आपको नए देशों को पूरी तरह से नई गतिविधियों और रिवाजों को एक्सपीरियंस करने का अवसर मिलेगा। आप जब दुनिया को एक्सप्लोर करते हैं, तो आपकी यात्रा आपको हर तरह के लोगों के साथ बातचीत करने में मदद करती है, जिससे आपके सोचने का दायरा अलग-अलग हो जाता है। यह विदेश में पढ़ाई करने के शीर्ष लाभ में से एक है। आप विदेश में बेहतर करियर विकल्प भी चुन सकते हैं। विदेश की कई यूनिवर्सिटीज है जो बेहतर कोर्स के साथ-साथ छात्रवृत्तियां भी देती हैं।



## फिटनेस में है रुचि तो न्यूट्रिशन बन चमकाएं अपना कॅरियर, मिलेगी अच्छी सैलरी

किस व्यक्ति को किस तरह की डाइट लेनी चाहिए, किस खाने में कौन से पोषक तत्व पाए जाते हैं। किसी तरह की बीमारी होने पर डाइट में किन बातों का खास ख्याल रखना चाहिए। ऐसे बहुत से सवालों के जवाब यदि आपको पता हैं, या आप इन सवालों के जवाब देने में रुचि लेते है। तो बता दें कि आप डायटीशियन या न्यूट्रीशनिस्ट के तौर पर अपने कॅरियर की शुरूआत कर सकते हैं।

### यह करना होता है काम

न्यूट्रीशनिस्ट हेल्दी और बैलेंस्ड न्यूट्रीशन का महत्व समझते हैं। साथ ही यह अपने क्लाइंट्स को भी हेल्दी और बैलेंस्ड न्यूट्रीशन के बारे में जानकारी देते हैं। या फिर व्यक्ति की जरूरत के अनुसार, डाइट लेना सजेस्ट करते हैं। साथ ही यह वजन बढ़ाने से लेकर कम करने तक में मदद करते हैं।

### क्या है फ्यूचर प्रोस्पेक्ट्स

यह एक ऐसा काम है, जो हमेशा से ही डिमांड में रहता है। या ऐसा भी कहा जा सकता है कि बदलते वक्त के साथ इसकी डिमांड भी बढ़ती जा रही है। लोग जैसे-जैसे अपनी हेल्थ और वेट को लेकर जागरुक हो रहे हैं। वैसे-वैसे न्यूट्रीशनिस्ट भी डिमांड में आते जा रहे हैं। वेलनेस सेंटर, हॉस्पिटल, हेल्थ सेंटर, ब्यूटी सेंटर, क्लीनिक से लेकर फिटनेस सेंटर्स तक पर इनकी जरूरत पड़ती है। ऐसे में इस क्षेत्र में आप का कॅरियर खूब फलेगा-फूलेगा


### कर सकते हैं ये कोर्स

इस फील्ड में अपना कॅरियर बनाने के लिए कैंडिडट का साइंस बैकग्राउंड होना जरूरी है। 12वीं पास करने के बाद छात्र फूड एंड न्यूट्रीशन में बीएससी और एमएससी कोर्स किए जा सकते हैं। हायर स्टडीज के लिए आप इस फील्ड में पीएचडी भी कर सकते हैं। कई यूनिवर्सिटी में यह कोर्सेज ऑफर किए जाते हैं। इनमें सेलेक्शन लेने के लिए छात्रों को सामान्य तौर पर प्रवेश परीक्षा पास करनी होती है।

### इन फील्ड में कर सकते हैं काम

इस कोर्स को करने के बाद अपने स्पेशलाइजेशन और रुचि के अनुसार, आप हेल्थ कोच, हेल्थ एजुकेटर एंड कम्यूनिटी हेल्थ वर्कर, पिडियाट्रिक न्यूट्रीशनिस्ट, पब्लिक हेल्थ न्यूट्रीशनिस्ट, क्लिनिकल डायटीशियन, होलिस्टिक न्यूट्रीशनिस्ट, स्पोर्ट्स न्यूट्रीशनिस्ट, कंसल्टेंट न्यूट्रीशनिस्ट आदि के तौर पर प्राइवेट और सरकारी विभागों में काम कर सकते हैं।

# खुद को जानना, अपनी ताकत, कमजोरियों और मूल्यों को समझना ही असली सफलता



मोटिवेशनल

डॉ. दिव्या तंवर

सफलता एक ऐसा शब्द है जो हर छात्र के दिल में एक अलग ही जोश और प्रेरणा भर देता है। लेकिन क्या आपने कभी गहराई से सोचा है कि सफलता का असली मतलब क्या है? क्या यह केवल परीक्षा में अच्छे अंक लाना, एक प्रतिष्ठित नौकरी पाना, या सामाजिक मान्यता प्राप्त करना है? नहीं, असली सफलता इससे कहीं गहरी है। असली सफलता है खुद को जानना अपनी ताकत, कमजोरियों, जुनून, और मूल्यों को समझना। जब आप अपने आप को पूरी तरह समझ लेते हैं, तो जीवन की हर चुनौती आसान लगने लगती है, और आप अपने कौशलों को निखारकर अपने सपनों को हकीकत में बदल सकते हैं। यह लेख छात्रों को प्रेरित करने के लिए है, जिसमें हम आत्म-जागरूकता के महत्व, इसके लाभ, और अपने कौशलों को विकसित करने के तरीकों पर विस्तार से चर्चा करेंगे।

## आत्म-जागरूकता : सफलता का आधार

आत्म-जागरूकता का अर्थ है अपने विचारों, भावनाओं, रुचियों, और व्यवहार को समझना। यह एक दर्पण की तरह है जो आपको दिखाता है कि आप वास्तव में कौन हैं। जब आप अपने आप को जान लेते हैं, तो आप न केवल अपने लक्ष्यों को स्पष्ट रूप से देख पाते हैं, बल्कि यह भी समझ पाते हैं कि उन लक्ष्यों तक पहुँचने का सबसे अच्छा तरीका क्या है।

**सही दिशा का चयन**: आज के समय में छात्रों पर कई तरह के दबाव होते हैं—परिवार की अपेक्षाएँ, सामाजिक मानदंड, या दोस्तों का प्रभाव। आत्म-जागरूकता आपको यह समझने में मदद करती है कि आपके लिए क्या सही है। उदाहरण के लिए, अगर आपको विज्ञान में रुचि नहीं है, लेकिन आप संगीत में रुचि रखते हैं, तो आप संगीत को अपने करियर का हिस्सा बना सकते हैं, भले ही समाज में विज्ञान को अधिक महत्व दिया जाता हो।

**आत्मविश्वास का विकास**: जब आप अपनी ताकत को पहचानते हैं, तो आपका आत्मविश्वास बढ़ता है। यह आत्मविश्वास आपको असफलताओं से डरने के बजाय उनसे सीखने की हिम्मत देता है।

**कमजोरियों को सुधारने का अवसर**: आत्म-जागरूकता आपको अपनी कमजोरियों को स्वीकार करने और उन पर काम करने की प्रेरणा देती है। उदाहरण के लिए, अगर आपको सार्वजनिक बोलने में डर लगता है, तो आप इस कौशल को बेहतर बनाने के लिए अभ्यास कर सकते हैं।

**बेहतर निर्णय लेना**: जब आप अपनी प्राथमिकताओं और मूल्यों को समझते हैं, तो आप बेहतर निर्णय ले सकते हैं। यह आपको उन रास्तों से बचाता है जो आपके लिए सही नहीं हैं।

**समय और ऊर्जा की बचत**: जब आप जानते हैं कि आपके लिए क्या महत्वपूर्ण है, तो आप अपना समय और ऊर्जा उन चीजों पर केंद्रित करते हैं जो वास्तव में मायने रखती हैं। उदाहरण के लिए, अगर आपको लेखन में रुचि है, तो आप इंजीनियरिंग की किताबों में समय बर्बाद करने के बजाय लेखन कार्यशालाओं में भाग ले सकते हैं।

**तनाव में कमी**: आत्म-जागरूकता आपको यह समझने में मदद करती है कि आप किन चीजों से तनावग्रस्त होते हैं और उन्हें कैसे प्रबंधित करना है। उदाहरण के लिए, अगर आपको समय प्रबंधन में कठिनाई होती है, तो आप अपने दिन को बेहतर ढंग से व्यवस्थित करने के लिए टाइम मैनेजमेंट तकनीकों का उपयोग कर सकते हैं।

## व्यवस्थित योजना बनाने में सहायक

**सकारात्मक रिश्ते**: जब आप अपने आप को समझते हैं, तो आप दूसरों के साथ बेहतर संबंध बना सकते हैं। आप जानते हैं कि आपको किन लोगों के साथ समय बिताना पसंद है और कौन से रिश्ते आपके लिए विषाक्त हो सकते हैं।

**लक्ष्य प्राप्ति में आसानी**: आत्म-जागरूकता आपको अपने लक्ष्यों को स्पष्ट करने और उनके लिए एक व्यवस्थित योजना बनाने में मदद करती है। इससे आप अपने सपनों को हासिल करने के लिए सही कदम उठा सकते हैं।

**आत्म-मूल्यांकन करें**: एक डायरी बनाएं और उसमें अपनी ताकत, कमजोरियाँ, रुचियाँ, और लक्ष्य लिखें। कुछ सवालों के जवाब ढूँढें: मुझे क्या करने में मजा आता है? मैं किस चीज में स्वाभाविक रूप से अच्छा हूँ? मुझे किन क्षेत्रों में सुधार की जरूरत है?

**नए कौशल सीखें**: ऑनलाइन प्लेटफॉर्म जैसे **Coursera**, **Udemy**, या **YouTube** पर उपलब्ध मुफ्त या सशुल्क कोर्सेज का उपयोग करें। उदाहरण के लिए, अगर आप प्रोग्रामिंग सीखना चाहते हैं, तो **Python** या **Java** जैसे कोर्स शुरू करें। स्थानीय कार्यशालाओं या कक्षाओं में भाग लें, जैसे कि कला, नृत्य, या सार्वजनिक बोलने की कक्षाएँ।

**नियमित अभ्यास करें**: किसी भी कौशल को निखारने के लिए निरंतर अभ्यास जरूरी है। उदाहरण के लिए, अगर आप लेखन में सुधार करना चाहते हैं, तो रोजाना 10-15 मिनट लिखने का अभ्यास करें। छोटे-छोटे लक्ष्य निर्धारित करें, जैसे कि हर हफ्ते एक नया शब्द सीखना या एक छोटी कहानी लिखना।

**फीडबैक लें** : अपने शिक्षकों, दोस्तों, या परिवार से अपनी प्रगति के बारे में राय लें। वे आपको उन क्षेत्रों के बारे में बता सकते हैं जहाँ आप अच्छा कर रहे हैं और जहाँ सुधार की जरूरत है। रचनात्मक आलोचना को सकारात्मक रूप से लें। यह आपको बेहतर बनाने में मदद करेगी। गलतियों से डरें नहीं। हर असफलता आपको कुछ नया सिखाती है।

## सामान्य ज्ञान

**1.** स्वामी विवेकानंद को 'विवेकानंद' की उपाधि किसने प्रदान की थी ?
(ए) महाराजा खेतड़ी ने
(बी) महाराजा बडौदा ने
(सी) रामकृष्ण परमहंस ने
(डी) इनमे से कोई नहीं

**2.** संगीतज्ञ एवं ध्रुपद गायिकी तानसेन को 'कंठाभरणवाणीविलास'' की उपाधि किसने डी थी?
(ए) बाबर
(बी) अकबर
(सी) बैरम खान
(डी) जहाँगीर

**3.** मल्लराज सस्तिपल के महल में मृयु हुयी थी?
(ए) महात्मा बुद्ध की
(बी) महावीर स्वामी की
(सी) स्वामी विवेकानंद की
(डी) इनमे से कोई नहीं

**4.** भारतीय पुनर्जागरण आन्दोलन के पिता कौन थे ?
(ए) बाल गंगाधर तिलक
(बी) दयानन्द सरस्वती
(सी) राजा राममोहन राय
(डी) श्रधानंद

**5.** शिकागो के प्रसिद्ध विश्व धर्म सम्मेलन में भारत का प्रतिनिधित्व किसने किया था ?
(ए) सवामी श्रधानंद ने
(बी) स्वामी विवेकानंद ने
(सी) गोपाल कृष्ण गोखले
(डी) बाल गंगाधर तिलक ने

**6.** बंगाल में भक्ति आन्दोलन के प्रवर्तक थे ?
(ए) चैतन्य
(बी) रामानंद
(सी) नामदेव
(डी) रामानुज

**7.** किसकी समाधि होने के कारण नांदेड़ गुरुद्वारा सिख समुदाय के लिए पवित्र स्थल माना जाता है ?
(ए) गुरु नानक
(बी) गुरु रामदास
(सी) गुरु अर्जुन देव
(डी) गुरु गोविन्द सिंह

**8.** सुप्रसिद्ध उर्दू शायर मिर्जा ग़ालिब कहाँ के मूल निवासी थे ?
(ए) आगरा
(बी) लखनऊ
(सी) दिल्ली
(डी) लाहौर

उत्तर 1.(ए) 2.(बी) 3.(बी) 4.(सी) 5.(बी) 6.(ए) 7.(डी) 8.(ए)

## खबर संक्षेप

### नकदी छीनने की वारदात में शामिल आरोपी दबोचा

**सोनीपत।** कुंडली थाना सोनीपत पुलिस ने केजीपी हाईवे पर हथियार के बल पर कैंटर चालक से रुपये छीनने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित साहबुद्दीन उर्फ साहबु निवासी काढ़ा बागपत उत्तर प्रदेश का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव ग्वालड़ा पानीपत निवासी सतबीर ने गत 2 जुलाई को पुलिस से शिकायत देकर बताया था कि वह अपनी गाड़ी में पानीपत से माल भरकर कानपुर के लिए चला था। उसके साथ अजय भी था। रात को केजीपी हाईवे पर गाड़ी को रोककर शौच करने लगे। उसी दौरान तीन लड़के उनके पास आए। उनके साथ मारपीट शुरू दी।

### कई निजी अस्पतालों का किया औचक निरीक्षण

**गोहाना।** स्वास्थ्य विभाग की छह सदस्यीय पीएनडीटी टीम ने शुक्रवार को गोहाना में कई निजी अस्पतालों का औचक निरीक्षण किया। टीम ने राज्य सरकार के रिवर्स प्रोग्राम के तहत अस्पतालों में डिलीवरी संबंधी रिकॉर्ड की जांच की। कई अस्पतालों के रिकॉर्ड में कुछ खामियां पाई गई। विभाग द्वारा इन अस्पताल संचालकों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। जिला नोडल अधिकारी डॉ. नितिन के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने शहर में बरोदा रोड, सिविल रोड और पुरानी अनाजमंडी क्षेत्र में आठ से दस निजी अस्पतालों का औचक निरीक्षण किया। टीम ने अस्पतालों में महिलाओं की डिलीवरी संबंधी रिकॉर्ड खंगाला।

### सेवादल के नवनियुक्त पदाधिकारियों का अभिनंदन

**सोनीपत।** कांग्रेस भवन सोनीपत में कांग्रेस सेवादल द्वारा नवनियुक्त पदाधिकारियों का अभिनंदन एवं मार्गदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रदेश प्रवक्ता राकेश सौदा एडवोकेट की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद सतपाल ब्रह्मचारी रहे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सेवादल कांग्रेस का सबसे पुराना और अग्रणी संगठन है। सोनीपत यूनिट द्वारा पूरे हरियाणा में सबसे पहले सेवादल की कार्यकारिणी का गठन करके एक रिकार्ड कायम किया है। उपस्थित सेवादल के कार्यकर्ताओं से उन्होंने अपील की कि संगठन बूथ स्तर तक सेवादल को ताकत देने का काम करें।

### जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक में सांसद ने स्वच्छता पर दिया जोर

# ईमानदारी-निष्ठा के साथ अपनी ड्यूटी का निर्वहन करें अधिकारी : ब्रह्मचारी

### संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते कुल 67 एजेंडों पर की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सांसद सतपाल ब्रह्मचारी ने कहा कि सरकार की योजनाओं को पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाने के लिए अधिकारियों की अहम भूमिका होती है इसलिए सभी अधिकारी जनसेवा के साथ कार्य करते हुए अपनी ड्यूटी का निर्वहन पूरी ईमानदारी व निष्ठा के साथ करें। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति किसी कार्य के लिए आपके कार्यालय में आता है तो उसके साथ अच्छा व्यवहार करते हुए उसे पात्र योजनाओं का लाभ प्रदान करना सुनिश्चित करें। सांसद शुक्रवार को लघु सचिवालय में आयोजित जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

सांसद ने स्वच्छता पर विशेष जोर देते हुए कहा कि शहर के नाले व सीवरेज समय पर साफ होंगे तो ही शहर स्वच्छ रहा सकता है। ऐसे में सभी अधिकारी समय-समय पर नालों व सीवरेज की सफाई पर विशेष ध्यान दें। सांसद ने स्वच्छता सर्वेक्षण 2024-25 में सोनीपत को मिले विशेष पुरस्कार को लेकर सांसद ने मेयर राजीव जैन और अधिकारियों को बधाई दी। इसके पश्चात उन्होंने बैठक में केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित


**सोनीपत।** बैठक के दौरान मंचासीन सांसद, विधायक, उपायुक्त, मेयर एवं अन्य।

योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए कुल 67 एजेंडों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। बैठक के दौरान सांसद ने दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के अंतर्गत गांव कासंडी में बनाए गए सेंटर को गोहाना में स्थानांतरित करने के निर्देश दिए। ताकि प्रशिक्षण के लिए लोगों को आने जाने में किसी प्रकार की परेशानी न हो। बैठक में विधायक बरोदा इंदुराज नरवाल, नगर निगम मैयर राजीव जैन, जिला परिषद की चेयरपर्सन मोनिका दहिया, अतिरिक्त उपायुक्त लक्षित सरीन, डीसीपी कुशल सिंह, एसडीएम गोहाना अंजलि श्रोत्रिय, एसडीएम खरखौदा डॉ. निर्मल नागर, एसडीएम सोनीपत सुभाष चंद्र, एसडीएम गन्नौर प्रवेश कादियान, सीईओ जिला परिषद अभय सिंह जांगड़ा सहित संबंधित सभी अधिकारी मौजूद रहे। बैठक के दौरान उपायुक्त सुशील सारवान ने एसडीएम गोहाना को निर्देश दिए कि वे गोहाना में सिविल अस्पताल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की जांच करें और मरीजों के ईलाज में व्यवस्थओं में किसी प्रकार की कमी पाई जाती है तो तुरंत दुरूस्त करवाएं। उपायुक्त ने कहा कि बरसात के सीजन में फैलने वाली बीमारियों के चलते सभी अस्पतालों में पर्याप्त मात्रा में दवाई का स्टॉक होना चाहिए और सभी डॉक्टर समय पर कार्यालय में उपस्थित रहें और अस्पताल में आने वाले लोगों के साथ अच्छा व्यवहार करते हुए उनका ईलाज करें। मेयर राजीव जैन द्वारा उठाए गए कार्यालयों में स्वच्छता के मुद्दे पर उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने कार्यालयों में सफाई का विशेष ध्यान रखें उनके द्वारा समय-समय पर कार्यालयों का निरीक्षण किया जाएगा अगर इस दौरान किसी प्रकार की लापरवाही मिली तो उसका जिम्मेवार स्वयं संबंधित अधिकारी होगा।

#### इन योजनाओं पर विस्तारपूर्वक की समीक्षा

सांसद सतपाल ब्रह्मचारी ने बैठक में केंद्र प्रायोजित योजनाओं पीएम आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, राष्ट्रीय विरासत शहर विकास एवं संवर्धन योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम, राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम, डिजिटल भारत भू-अभिलेख, आधुनिकीकरण कार्यक्रम, दीन दयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना, म्हारा गांव जगमग गांव, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, अंत्योदय योजना राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम, श्यामा प्रसाद मुखर्जी, समग्र शिक्षा, मिड डे मिल, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, एनएफएसए, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, ई-श्रम कार्ड, प्रधानमंत्री खनिज क्षेत्र कल्याण योजना सहित अनेक योजनाओं बारे विस्तार से समीक्षा की।

#### लैब बनाने के लिये दिए निर्देश

बैठक में समग्र शिक्षा के तहत गांव सरगथल स्थित राजकीय सीनियर सैकेण्डरी स्कूल में बनाई जाने वाली कैमेस्ट्री लैब, बायोलॉजी लैब, साईंस लैब तथा कंम्प्यूटर लैब के लिए जगह उपलब्ध न होने को लेकर उपायुक्त ने अतिरिक्त उपायुक्त को स्कूल का निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वहां हो सके तो स्पेस उपलब्ध करवाने का प्रयास करें ताकि बच्चों को लेब की सुविधाएं मिल सके। बैठक में उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपनी रिपोर्ट ब्लॉक वाईज लेकर आए ताकि पता लग सके कि किस ब्लॉक में कार्य हुआ है या नहीं।


**खरखौदा।** कार्य का शुभारंभ करते विधायक पवन खरखौदा। *फोटो :हरिभूमि*

# विधायक ने टाइल लगाने के कार्य का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

विधायक पवन खरखौदा ने गोपालपुर मार्ग के दोनों तरफ सड़क और नालों के बीच के भाग को समतल करके इंटरलॉकिंग टाइलों लगाने के कार्य का नारियल तोड़कर शुभारंभ किया। इस कार्य पर करीब 30 लाख रुपए की राशि खर्च की जाएगी। उन्होंने कहा कि यहां पर बरसात के दिनों में पानी भर जाता है। पानी भरने का कारण दुकानदारों द्वारा तल को ऊंचा नीचा किया जाना है। अब नगर पालिका द्वारा समतल कराया जाएगा, ताकि आने वाले समय में बारिश का पानी नालों में जा सके। उन्होंने कहा कि पिछले 15 वर्षों की तुलना में अब नगर पालिका ने पानी निकासी की दिशा में काफी काम किया है। इसके बावजूद कार्य अभी पूरा नहीं हुआ हैं। उन्होंने दुकानदारों से अपील की कि अपनी दुकानों के सामने से अगर वह थोड़ा सा भी ऊंचा उठाते हैं तो भी मार्ग से पानी को नाले में जाने के लिए रास्ता देना भी उनकी जिम्मेवारी है। दुकानदारों को इस बारे में जागरूक होने की जरूरत है। नगर पालिका इस मामले में अब लगातार कार्रवाई कर रही है। शहर के सभी मार्गों पर बने नालों का पानी मार्ग पर ना आए, बल्कि मार्ग का पानी नालों में जाए। इस तरह की व्यवस्था की जा रही है। इसके अतिरिक्त उन्होंने सोहटी गांव में सरकारी स्कूल की मरम्मत के कार्य का भी शुभारंभ किया। इस मौके पर विनोद सरपंच गोपालपुर, नगरपालिका के उप चेयरमैन मुकेश, जयपाल राणा, पवन शर्मा, रवि दहिया, नरेंद्र आदि मौजूद रहे।

# बाल विवाह बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य, और मानसिक विकास में बाधितः रजनी गुप्ता

- जिला संरक्षण एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी ने ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

बाल विवाह की रोकथाम हेतु जिला कार्यक्रम अधिकारी कार्यालय में एक जिला स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक जिला संरक्षण एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी रजनी गुप्ता के सुपरविजन में आयोजित हुई, जिसमें चाइल्ड डेवलपमेंट प्रोजेक्ट ऑफिसर सहित महिला एवं बाल विकास विभाग की गन्नौर, अर्बन, राई, रूरल-1 व रूरल-2 की


**सोनीपत।** बैठक के दौरान जानकारी देते जिला संरक्षण अधिकारी रजनी गुप्ता।

सुपरवाइजरों ने भाग लिया। बैठक को संबोधित करते हुए संरक्षण अधिकारी रजनी गुप्ता ने बाल विवाह निषेध अधिनियम की बारीकियों को विस्तारपूर्वक समझाया। उन्होंने कहा कि बाल विवाह केवल सामाजिक बुराई नहीं है, बल्कि एक संज्ञेय अपराध है, जिसमें दो वर्ष तक की सजा और एक लाख रुपये तक का जुर्माना हो सकता है। इसके अतिरिक्त, यदि बाल विवाह के दौरान किसी नाबालिग के साथ यौन शोषण जैसी घटना होती है तो वह पोक्सो एक्ट के अंतर्गत गंभीर दंडनीय अपराध माना जाता है। उन्होंने कहा कि बाल विवाह बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य, और मानसिक विकास को बाधित करता है और उनका बचपन पूरी तरह नष्ट कर देता है। विभाग द्वारा प्रत्येक सुपरवाइजर को उनके क्षेत्र का बाल विवाह निषेध संयोजक नियुक्त किया है, ताकि वे अपने-अपने क्षेत्र में आंगनबाड़ी वर्कर्स के सहयोग से नियमित रूप से जागरूकता बैठकें करें और किसी भी बाल विवाह की सूचना तत्काल संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाएं।

# नेल्सन मंडेला के विचारों को दैनिक जीवन में आत्मसात करने के लिए प्रोत्साहित किया

- ब्राइट स्कॉलर स्कूल में जयंती के उपलक्ष्य में सभा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

ब्राइट स्कॉलर स्कूल में नेल्सन मंडेला की जयंती के उपलक्ष्य में शुक्रवार को स्कूल परिसर में एक विशेष सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महान नेता, शांति के वैश्विक प्रतीक और दक्षिण अफ्रीका के पहले अश्वेत राष्ट्रपति की विरासत का सम्मान करना था। सभा की शुरुआत प्रातःकालीन प्रार्थना और विचार के साथ हुई। दीपशिखा और त्रिशा ने सभा की मेज़बानी की। अथर्व ने नेल्सन मंडेला के जीवन पर एक


**सोनीपत।** ब्राइट स्कॉलर स्कूल में कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों के साथ स्टाफ।

भाषण दिया। लावण्या और अनाया ने कुछ सामान्य ज्ञान के प्रश्न पूछे। मीशा ने ए मंडेला सनराइज शीर्षक से कविता सुनाई। प्रधानाध्यापिका स्वाति बालियान ने सभा को संबोधित किया व छात्रों को मंडेला के मूल्यों को अपने दैनिक जीवन में आत्मसात करने के लिए प्रोत्साहित किया। राष्ट्रगान के गायन के साथ सभा का समापन हुआ। आज के दिन प्री प्राइमरी कक्षाओं में अनेक प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। जिनमें शो एंड टेल, फर्स्ट ऐड जागरूकता गतिविधि का आयोजन किया गया। सभी विद्यार्थियों ने इसमें बढ़ चढ़ कर भाग लिया।

# स्वच्छता पर फोकस रखने के निर्देश

- उपायुक्त ने लघु सचिवालय स्थित कार्यालयों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

उपायुक्त सुशील सारवान ने शुक्रवार को लघु सचिवालय में स्थित सभी कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सभी अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि कार्यालय में साफ-सफाई अच्छी तरह से होनी चाहिए, अन्यथा संबंधित के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिए कि कार्यालयों में सफाई के साथ-साथ रिकार्ड को भी संबंधित अधिकारी दुरूस्त रखें ताकि जरूरत पड़ने पर किसी प्रकार की समस्या न हो। उपायुक्त ने कहा कि सरकार की


**सोनीपत।** लघु सचिवालय का निरीक्षण करते उपायुक्त एवं अन्य अधिकारी।

योजनाओं व सेवाओं का लाभ निश्चित समय सीमा में पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाने की जिम्मेदारी हम सब की है इसलिए जिम्मेदारी का पूरी ईमानदारी के साथ निर्वहन कर लोगों तक योजनाओं व सेवाओं तक पहुंचाने का कार्य करें। अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह रिकॉर्ड को अच्छी तरह से मेंटेन रखें। जो रिकॉर्ड पुराना हो चुका है तथा उसका कंप्यूटराइजेशन हो चुका है उसे रिकॉर्ड को नियमों के अनुसार बाहर निकलें। इसके अलावा उन्होंने सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देश दिए कि वे समय पर कार्यालय में पहुंचे और कार्य के लिए आने वाले नागरिकों के साथ अच्छा व्यवहार करें।


**सोनीपत।** बच्चों को पौधे वितरित करते प्राचार्या एवं अन्य। *फोटो :हरिभूमि*

### बच्चों को 1000 पौधे वितरित

**सोनीपत।** लिटल एंजल्स स्कूल, सोनीपत में वृक्षारोपण पर्व हर वर्ष की तरह बड़े उत्साह और संकल्प के साथ मनाया गया। इस विशेष अवसर पर विद्यालय परिसर में 1000 नवांकुर (पौधे) वितरित किए गए, जिनमें से 100 से अधिक पौधे बच्चों द्वारा विद्यालय परिसर में लगाए गए, बाकि पौधे स्थानीय लोगों, अभिभावकों, जिला शिक्षा अधिकारी नवीन गुलिया, मेयर राजीव जैन और विद्यालय से जुड़े अन्य गणमान्य व्यक्तियों को भेंट किए गए। प्रधानाचार्या आशा गोयल, उपप्रधानाचार्या गीता अरोड़ा, मुख्याध्यापिका भारती दत्ता, लिटल एंजल्स इंक्लूसिव की प्रधानाचार्या सोनिया अरोड़ा और अन्य शिक्षकगण एवं गणमान्य अतिथि भी उपस्थित रहे। इस वृक्षारोपण अभियान का उद्देश्य बच्चों में पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी और प्रकृति से जुड़ाव को प्रोत्साहित करना था। उन्होंने अपने लगाये हुए वृक्षों की देखभाल करने की प्रतिज्ञा भी ली। छोटे-छोटे बच्चे ग्रीन गार्डियन और इको-वॉरियर्स के रूप में उत्साह से परिपूर्ण लग रहे थे। बच्चों ने न सिर्फ पौधे लगाए बल्कि पर्यावरण संरक्षण पर आधारित कहानियां और नारे भी प्रस्तुत किए।

# डीसी ने स्वर्णप्रस्थ संग्रहालय का किया दौरा

### संग्रहालय में 100 वर्ष से 5 हजार वर्ष पुरानी वस्तुएं मौजूद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

उपायुक्त सुशील सारवान ने शुक्रवार को सोनीपत शहर मे स्थित स्वर्णप्रस्थ संग्रहालय को दौरा कर संग्रहालय में चल रहे गैलरियों के ब्यूटीफिकेशन कार्यो का निरीक्षण किया। उपायुक्त ने बताया कि संग्रहालय एक ऐसी संस्था है जो सांस्कृतिक या वैज्ञानिक रूप से महत्वपूर्ण वस्तुओं को प्रदर्शित या संरक्षित करने के लिए समर्पित है। उन्होने बताया कि सोनीपत में भी एक ऐसा ही संग्रहालय बनाया जा रहा है। जिसका लगभग 99 फीसद कार्य पूर्ण हो चुका है। संग्रहालय का कार्य जल्दी ही पूर्ण हो जाएगे।


**सोनीपत।** संग्रहालय में पहुंचें उपायुक्त निरीक्षण करते हुए। *फोटो :हरिभूमि*

जिसके उद्घाटन के बाद इसे आमजनता के लिए पूर्ण रूप से शुरू कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि संग्रहालय में सैकड़ो वर्ष पुरानी वस्तुएं सजाई जा रही है। संग्रहालय में विभिन्न तरह की गैलरियो के ब्यूटीफिकेशन का भी कार्य किया जा रहा है। सदस्य सचिव राजेश खत्री ने बताया कि संग्रहालय में 100 वर्ष से 5 हजार वर्ष पुरानी वस्तुएं मौजूद है।

**कार्रवाई** ककरोई रोड पर लापरवाही से गड्ढे भरने का मामला : मेयर ने मौके पर रुकवाया काम

# लोक निर्माण विभाग को निर्देश, गड्ढे तय मानकों के अनुसार भरें, अन्यथा निगम स्वयं ये कार्य करेगाः जैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

नगर निगम मेयर राजीव जैन ने ककरोई रोड पर लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) द्वारा किए जा रहे गड्ढा भराई कार्य में लापरवाही पर नाराजगी जताते हुए काम को तत्काल प्रभाव से रुकवा दिया। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि या तो गड्ढे तय मानकों के अनुसार भरें जाएं, अन्यथा नगर निगम स्वयं यह कार्य करेगा।

मेयर ने मौके से ही पीडब्ल्यूडी के कार्यकारी अभियंता प्रशांत


**सोनीपत।** मौके पर पहुंचें मेयर राजीव जैन काम रूकवाते हुए। *फोटो :हरिभूमि*

कौशिक को फोन कर वस्तुस्थिति से अवगत करवाया और बताया कि न तो गड्ढों की ठीक तरह से सफाई की जा रही है और न ही रोड़ी डालने के बाद दुरमुट चलाया जा रहा। उन्होंने चेताया कि इस तरह से काम किया गया तो कुछ ही दिन में रोड़ी सड़कों पर बिखर जाएगी और जनता को पुनः परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। मेयर ने यह भी कहा कि नगर निगम द्वारा भी शहर में गड्ढों को भरवाने का कार्य चल रहा है और यदि पीडब्ल्यूडी की ओर से घटिया कार्य हुआ तो बदनामी निगम की होगी। इस पर कार्यकारी अभियंता प्रशांत कौशिक ने स्पष्ट किया कि गड्ढे भरने का कार्य वही ठेकेदार कर रहा है, जिसने पहले सड़क का निर्माण किया था और यह कार्य 'डिफेक्ट लाइबिलिटी पीरियड' के तहत हो रहा है। उन्होंने आश्वस्त किया कि सभी गड्ढों को दोबारा सही ढंग से भरवाया जाएगा। इसके अतिरिक्त, मेयर राजीव जैन ने तिरंगा चौक का भी दौरा किया और सीवरेज लाइन बिछाने के लिए खोदी गई सड़क पर मिट्टी धंसने से बने बड़े गड्ढे में भी उचित मटेरियल डलवाने के निर्देश मौके पर ही दिए।

# सड़क मरम्मत में लापरवाही का आरोप, जताई नाराजगी

**सोनीपत।** ककरोई व अन्य क्षेत्रों की सड़कों पर पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा किए जा रहे पैचवर्क को लेकर गंभीर सवाल उठाए गए हैं। जिला पार्षद संजय बड़वासनिया ने विभाग पर भारी लापरवाही और भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि सड़क पर जो मरम्मत कार्य किया गया है, वह बेहद घटिया स्तर का है और तय मानकों के अनुरूप नहीं है। बड़वासनिया ने कहा कि जिस तरह से पैचवर्क किया गया है, उससे कुछ ही दिनों में सड़क दोबारा टूट जाएगी और जनता का पैसा बर्बाद हो जाएगा। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि यह कार्य विभाग और ठेकेदार की मिलीभगत से सिर्फ कमाई का जरिया बन गया है। घटिया सामग्री का उपयोग होने के चलते सड़कें पहली बारिश में ही उखड़ जाती हैं, जिससे आमजन को परेशानी झेलनी पड़ती है। उन्होंने कहा कि टूटी सड़कों और गड्ढों के चलते लगातार दुर्घटनाएं हो रही हैं। कई लोग बाल-बाल बचे हैं और अनेक घायल हो चुके हैं।

**NOTICE**

I, Bhupender Singh S/o Raghubir Singh R/o Raipur, Post office Shapur Turk Sonipat, declare that in the 10th class marksheet Roll no.2220730 of my daughter Tamanna, my name is Bhupender. But in my other documents, my name is Bhupender Singh. Which is correct. All concerned note.

## खबर संक्षेप



राई। शेखर आंतिल, मुख्य यजमान संजय जांगड़ा व उनकी धर्मपत्नी कविता जांगड़ा पूजा करते हुए ।

### शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा एवं मूर्ति स्थापना हुई

**राई।** खेवड़ा गांव की अंबेडकर कॉलोनी में इस बार सावन मास की शिवरात्रि के उपलक्ष्य पर धार्मिक आस्था, भक्ति और सेवा भावना का संगम देखने को मिला। शिव मंदिर के निर्माण कार्य के पूर्ण होने के बाद भगवान शिव परिवार की भव्य मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा व स्थापना का आयोजन पूरे श्रद्धा भाव से किया। कार्यक्रम की शुरुआत कलश यात्रा से हुई।

### टास्क देकर व्यक्ति से लाखों रुपये ठगे

**सोनीपत।** सेक्टर-23 निवासी व्यक्ति को वेलफेयर टास्क देकर लाखों रुपये की राशि के ठगने का मामला सामने आया है। पवन कुमार ने बताया कि उसके पास 11 मार्च को व्हाट्सएप के माध्यम से संदेश आया। जिसमें पार्ट-टाईम व फुल टाइम काम करने का प्रस्ताव दिया गया। संदेश भेजने वाले ने खुद का नाम आरूषि अग्रवाल बताते हुए ब्रांडेड कंपनी का कर्मचारी होना बताया। उसके बाद उसे तीन हजार से पांच हजार रुपये तक कमाई करने का झांसा दिया और अलग अलग समय पर लाखों रुपये ठग लिए।

### बस की टक्कर से स्कूटी सवार दंपति घायल

**सोनीपत।** शहर के मामा-भांजा चौक पर रोडवेज बस चालक ने स्कूटी पर जा रहे बुजुर्ग दंपति को चपेट में ले लिया। हादसे में बुजुर्ग स्कूटी से गिरकर घायल हो गया। बुजुर्ग दंपति ने विरोध किया तो बस चालक व परिचालक ने अभद्रता करना शुरू कर दिया। काफी देर तक हंगामा होने के बाद बुजुर्ग ने बस को आगे बढ़ने दिया। बुजुर्ग ने लगी चोट का खर्च लेकर ही बस को आगे जाने दिया। बुजुर्ग ने बताया कि वह अपनी पत्नी के साथ स्कूटी पर सवार होकर अपने काम से जा रहा था। वह मामा-भांजा चौक पर पहुंचा। उसी दौरान पीछे से अजमेर रूट पर चलने वाली बस ने उसे चपेट में ले लिया। राहगीर ने बस को हाथ मारकर रुकवाया।

अंतिम दिन युवा धनुर्धरों ने सटीक निशाने लगाकर प्रतिभा को दर्शाया

# सीबीएसई नॉर्थ जोन-2 तीरंदाजी चैंपियनशिप में दिखा हरियाणा और पंजाब के तीरंदाजों का जलवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

पूर्ण मूर्ति ग्लोबल स्कूल, कामी रोड में सीबीएसई के तत्वावधान में आयोजित सीबीएसई नॉर्थ जोन-2 तीरंदाजी चैंपियनशिप के अंतिम दिन भी हरियाणा के युवा धनुर्धरों ने अपना दबदबा बनाए रखा। वहीं अंडर -14 आयु वर्ग इंडियन राउंड के एकल, टीम व मिक्स्ड मुकाबलों में पंजाब के बरनाला, मानसा, अबोहर व मुक्तसर से पहुंचे प्रतिभागियों ने भी सटीक निशाने लगाकर हरियाणा के तीरंदाजों को कड़ी चुनौती दी। शुक्रवार को तीरंदाजी चैंपियनशिप के समापन अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच पदक विजेताओं को मेडल पहनाकर पुरस्कृत किया गया। इस दौरान पूर्ण मूर्ति कैंपस के चेयरमैन डॉ. विजयपाल नैन ने समापन समारोह में पहुंचे अंतरराष्ट्रीय मंदिर प्रबंधक परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन डा. नवीन नैन भालसी, अभिनेता बिंदर दनौदा, रेसलिंग फेडरेशन से देवेंद्र शर्मा, सामाजिक कार्यकर्ता दीप सिहाग, एडवोकेट वीरेंद्र दुहन व राजकीय बहुतकनीकी संस्थान के प्रधानाचार्य प्रवेश सांगवान के साथ पदक विजेताओं को मेडल पहनाकर पुरस्कृत किया। पूर्ण मूर्ति कैंपस के चेयरमैन डॉ. विजयपाल नैन, सचिव गौतम नैन, स्कूल की प्रधानाचार्या हिमानी दहिया व उप प्रधानाचार्य वरुण ने तीरंदाजी चैंपियनशिप में पहुंचे सभी अतिथियों का बुके भेंट कर स्वागत किया। पांच दिवसीय इस चैंपियनशिप में हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, लद्दाख व जम्मू कश्मीर से करीब दो हजार युवा तीरंदाजों ने अपने तीरंदाजी कौशल का प्रदर्शन किया। इस मौके पर पूर्ण मूर्ति कैंपस के कोषाध्यक्ष भोपाल सिंह, प्रबंध निदेशक कपिल भाटिया, एमडी इंजी.संघदीप शाक्य, डायरेक्टर एकेडेमिक्स डा.स्वीटी, कैंपस डायरेक्टर कुलदीप, रजिस्ट्रार कंवलजीत सिंह संधू, डीन अकादमिक संदीप कुमार व सभी स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।



सोनीपत। पदक विजेता खिलाड़ी पूर्ण मूर्ति कैंपस के चेयरमैन डॉ. विजयपाल नैन के साथ।

### अंडर- 19 इंडियन राउंड उचाना स्कून ने बाजी मारी

लड़कों के अंडर- 19 इंडियन राउंड के टीम मुकाबले में राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल उचाना कलां जींद की टीम (विजय सिंह नैन, प्रिंस व साहिल) ने प्रथम, भारतीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल नांगल, रेवाड़ी की टीम (निखिल, भूमिक, देवाशीष यादव व अंशुल) ने द्वितीय व चरखी दादरी की टीम (जयदीप, यश, रोहित व कमल) ने तीसरा स्थान पाया। लड़कियों की अंडर- 19 इंडियन राउंड के टीम मुकाबले में शाह सतनाम गर्ल्स स्कूल, सिरसा की टीम (चंचल, कमलप्रीत, लकी व सुखदीप) पहले, एचएम स्कूल गुड़गांव की टीम (रितिका, अंशिका, वैष्णवी मिश्रा व तनिष्का सिंह) दूसरे व ग्लोबल पब्लिक स्कूल गुड़गांव की टीम (साक्षी, माही, निमि व दीक्षा) तीसरे स्थान पर रही। अंडर-19 इंडियन राउंड के मिक्स्ड टीम मुकाबले में हरियाणा पब्लिक स्कूल नारनौल, महेंद्रगढ़ की टीम (जतिन व हर्षिता) ने पहला, एचएम स्कूल गुड़गांव की टीम (सोनू व रितिका) ने दूसरा व अबोहर पंजाब की टीम (जसप्रीत व गरिमा) ने तीसरा स्थान पाया।

### ये रहा रिजल्ट

#### अंडर- 14 : झज्जर के गौरव ने प्रथम स्थान पाया

सीबीएसई नॉर्थ जोन-2 तीरंदाजी चैंपियनशिप के अंतिम दिन लड़कों के अंडर- 14 इंडियन राउंड के एकल मुकाबले में बाल भारती पब्लिक स्कूल, झज्जर के गौरव कुमार ने 639 अंक हासिल कर प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि ग्रीनलैंड स्कूल, मानसा के रूपेंद्र ने 638 अंक हासिल कर द्वितीय व डीएवी पब्लिक स्कूल नरवाना जींद के शुभम ने 629 अंक अर्जित कर तृतीय स्थान पाया। लड़कियों की अंडर- 14 इंडियन राउंड के एकल मुकाबले में मुक्तसर, पंजाब की बख्शीश कौर ने 598 हासिल कर पहला, जींद की यशवी ने 555 अंक के साथ दूसरा व मुक्तसर, पंजाब की शानवीर कौर ने 554 अंक पाकर तीसरा स्थान पाया। लड़कों के अंडर- 14 इंडियन राउंड के टीम मुकाबले में स्काईपाथ स्कूल जींद की टीम (पारस, नीरद व अभिनव) ने 1750 अंक प्राप्त कर पहला, ग्रीनलैंड डे बोर्डिंग स्कूल बरेटा, मानसा की टीम (रूपेंद्र, तनवीर शर्मा व एकमजोत सिंह) ने 1711 अंक लेकर दूसरा व बाल भारती पब्लिक स्कूल, झज्जर की टीम (गौरव, साकेत , कौशल व मुकुल) ने 1603 अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान पाया।

#### अंडर- 14 लड़कियों में पंजाब ने बाजी मारी

लड़कियों की अंडर- 14 इंडियन राउंड के टीम मुकाबले में भाई मस्तान सिंह पब्लिक स्कूल मुक्तसर, पंजाब की टीम (बख्शीश कौर, शानवीर कौर व अवनीत कौर) ने 1488 अंक हासिल कर पहला, शाह सतनाम गर्ल्स स्कूल, सिरसा की टीम (गायत्री, जैस्मिन, जन्नत व कोमल) ने 1348 अंक लेकर दूसरा व वाईएस पब्लिक स्कूल बरनाला, पंजाब की टीम (एश्मिन कौर, सारिका शर्मा व नूरदीप कौर )ने 1156 अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान पाया। अंडर- 14 इंडियन राउंड के मिक्स्ड टीम मुकाबले में ग्रीनलैंड डे बोर्डिंग स्कूल बरेटा, मानसा की टीम (रूपेंद्र सिंह व सखी) ने प्रथम, सुप्रीम सीनियर सेकेंडरी स्कूल जींद की टीम (चिराग व यशवी) ने द्वितीय व डीएवी पब्लिक स्कूल टोहाना की टीम (प्रवीण व कनिका) ने तृतीय स्थान पाया।

#### अंडर- 17 लड़कियों में जींद की पल्लवी छाई

अंडर- 17 लड़कियों की इंडियन राउंड के व्यक्तिगत मुकाबले में जींद की पल्ल्वी ने 551 अंक अर्जित कर प्रथम स्थान पाया, जबकि हिसार की नैनीता ने 543 अंक पाकर दूसरा व बरेटा, मानसा की सीयल जैन ने 541 अंक के साथ तीसरा स्थान पाया। लड़कियों की अंडर- 17 इंडियन राउंड के टीम मुकाबले में ग्रीनलैंड डे बोर्डिंग स्कूल बरेटा, मानसा की टीम (सीयल जैन, हरमिंदर कौर व सोफिया) पहले स्थान पर रही, जबकि भारतीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल, रेवाड़ी की टीम (दीपाली, दीया, कनक व साक्षी) ने दूसरा व लक्ष्य इंटरनेशनल स्कूल की टीम (सिया, अनुष्का, अवनी व इशा)ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

# 15वां सीबीएसई क्लस्टर बास्केटबॉल टूर्नामेंट शुरू



सोनीपत। कार्यक्रम में पहुंचें अतिथियों का स्वागत करते हुए। फोटो : हरिभूमि

- 20 जुलाई तक चलने वाले इस तीन दिवसीय टूर्नामेंट में कुल 152 टीमें भाग लेंगी
- अंडर-14 वर्ग में 45 टीम, अंडर-17 वर्ग में 86 टीम व अंडर-19 वर्ग में 54 टीम प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

छोटूराम सीनियर सेकेंडरी स्कूल, रतनगढ़ माजरा में वीरवार को सीबीएसई क्लस्टर बास्केटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ किया गया। 20 जुलाई तक चलने वाले इस तीन दिवसीय टूर्नामेंट में कुल 152 टीमें भाग ले रही हैं, जिनमें अंडर-14 वर्ग में 45 टीमें, अंडर-17 वर्ग में 86 टीमें व अंडर-19 वर्ग में 54 टीमें प्रतिभाग कर रही हैं।


उद्घाटन मैच अंडर-19 वर्ग में सरस्वती ग्लोबल स्कूल एवं नवज्योति स्कूल के बीच खेला गया, जबकि अंडर-17 वर्ग का पहला मुकाबला शिक्षा भारती स्कूल, रोहतक एवं एसडी पब्लिक स्कूल के बीच हुआ। दोनों ही मैच रोमांचक और खेल भावना से परिपूर्ण रहे। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के चेयरमैन जगदीश लोहचब ने की। मुख्य अतिथि के रूप में विधायक पवन कुमार (खरखौदा) ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं न केवल विद्यार्थियों में खेल भावना विकसित करती हैं, बल्कि उनके आत्मविश्वास, अनुशासन और टीम वर्क को भी सशक्त बनाती हैं।

कार्यक्रम में विशेष रूप से विशिष्ट अतिथि - करण पुनिया, रामबीर एईओ, विद्यालय सचिव कविता लोहचब, प्रबंधक बिमला दहिया, प्रधानाचार्य डॉ. मेहर सिंह आर्य, उप-प्रधानाचार्या अनीता लोहचब, ज़िला सोनीपत बास्केटबॉल एसोसिएशन के प्रधान सचिन व सचिव देवेंद्र दहिया, बास्केटबॉल कोच सागर तोमर, रितु तथा अन्य के स्कूलों कोच उपस्थित रहे।

# यमुना के बेगा घाट के पास हो ठोकर निर्माण में लापरवाही का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

यमुना नदी के बेगा घाट पर नहरी विभाग द्वारा कराए जा रहे ठोकर निर्माण कार्य में लापरवाही बरतने का आरोप लगा है। ग्रामीणों के अनुसार विभाग द्वारा ठोकर बनाने के लिए लाए गए पत्थरों को घाट के पास कई जगहों पर ऐसे ही छोड़ दिया गया है। इससे न केवल विभाग की कार्यशैली पर सवाल उठ रहे हैं, बल्कि मानसून सीजन में संभावित खतरे की आशंका भी बढ़ गई है। ग्रामीण नरेंद्र, रामकिशन, श्रीराम, कृष्ण कश्यप, सोमबीर, राकेश, रवि का कहना है कि हर वर्ष बरसात में यमुना का जलस्तर बढ़ने से बेगा घाट के आसपास भूमि कटाव की समस्या गंभीर हो जाती है। कटाव रोकने के लिए विभाग ने इस वर्ष भी ठोकर निर्माण का टेंडर किया और इसके लिए बड़ी मात्रा में पत्थर भी घाट पर मंगवाए गए, लेकिन कई सप्ताह बीतने के बाद भी कई स्थानों पर इन पत्थरों का उपयोग नहीं किया गया। जबकि जिन स्थानों पर ठाकरें बनाई गई हैं वहां भी मजबूती से काम नहीं किया गया।



गन्नौर। यमुना के बेगा घाट के पास ठोकर निर्माण के लिए मंगवाए गई ठोकरें।

### खेतों पर भरा था पानी

ग्रामीणों ने बताया कि दो साल पहले लापरवाही के चलते कई खेतों में पानी भर गया था। वर्ष 2023 में 10 साल बाद यमुना के बेगा घाट पर पानी तटबंध तक पहुंच गया था, इससे पहले वर्ष 2013 में यमुना का पानी तटबंध तक पहुंचा था। तटबंध से पहले स्थित किसानों के खेतों में घुस गया था।

# खिजरपुर अहीर के राजकीय स्कूल की एक एकड़ जमीन की बोली में गड़बड़ी का आरोप, मुख्यमंत्री से शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

गांव खिजापुर अहीर के राजकीय उच्च विद्यालय की एक एकड़ जमीन की बोली में गड़बड़ी की आशंका होने का मामला सामने आया है। इस मामले में एक शिकायतकर्ता ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर पारदर्शिता की कमी और सरकारी धन के गबन का आरोप लगाया है। शिकायतकर्ता ने मामले की उच्च स्तरीय जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई किए जाने की मांग की है। शिकायतकर्ता गुमड़ निवासी सहदेव सिंह ने बताया कि खिजरपुर अहीर गांव की स्कूल को करीब एक एकड़ भूमि दान में दी गई थी। पिछले वर्ष भूमि की स्कूल प्रबंधन द्वारा बोली प्रक्रिया गुप्त रूप से पूरी की गई। इस प्रक्रिया की न तो ग्राम सरपंच को कोई जानकारी दी गई और न ही कूल प्रबंधन समिति या गांव के चौकीदार को। सरपंच ने अपने आधिकारिक पत्र पर लिखित में यह पुष्टि की कि उन्हें इस बोली की कोई सूचना नहीं थी। इसी तरह कूल समिति के प्रधान और चौकीदार ने भी लिखित में दिया कि उन्हें प्रक्रिया से अनभिज्ञ रखा गया। उन्होंने आशंका जताई कि भूमि दो वर्ष के लिए करीब 90 हजार रुपये में दामों पर दी गई, जबकि यह भूमि सार्वजनिक उपयोग के लिए है। सहदेव सिंह ने आरोप लगाया कि बोली से प्राप्त राशि को जमीन की बोली में गड़बड़ी कराया गया, जिससे सरकार को आर्थिक नुकसान हुआ है। उन्होंने मुख्यमंत्री से मांग की कि मामले की निष्पक्ष जांच कर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

### मुख्याध्यापक बोले स्कूल के नाम नहीं है जमीन

इस संबंध में स्कूल मुख्याध्यापक बिजेंद्र सिंह ने बताया कि यह जमीन कई वर्ष पहले स्कूल को दान में तो गई थी, लेकिन आज तक यह स्कूल के नाम नहीं है। जिस वजह से बोली से मिलने वाले रुपये सरकारी खजाने में जमा नहीं हो सकते। लंबे समय से ही जमीन की बोली इसी तरह की जा रही है। जमीन की बोली से आने वाला पैसे से चौकीदार को 2500 रुपये प्रति माह वेतन दिया जाता है, क्योंकि स्कूल में कोई चौकीदार नहीं था। बोली से मिलने वाले रुपयों का सारा लेखा जोखा उनके पास लिखित में है। किसी तरह का कोई गबन नहीं किया जाता। जमीन स्कूल की चार दिवारी से बाहर है जिसे साथ लगते किसानों को ही दामों पर दिया जाता है। उन्होंने विजिलेंस जांच में भी यही जवाब दिया है।

### विजिलेंस जांच भी चल रही

जमीन की बोली में गड़बड़ी की शिकायत मिलने पर इस मामले में स्कूल पर विजिलेंस जांच भी बैठाई जा चुकी है। विजिलेंस की टीम स्कूल में पहुंच कर जमीन का निरीक्षण करने के साथ ही स्कूल मुख्याध्यापक का पक्ष भी लिख कर ले जा चुकी है।

### विधायक ने जनता दरबार लगाकर सुनी हलके के लोगों की समस्या

- हलके की जनता की सेवा करना उनकी प्राथमिकता : कृष्णा गहलावत

**राई।** राई हलका विधायक कृष्णा गहलावत ने शुक्रवार को जनता दरबार में हलके के लोगों की समस्या सुनी। दरबार में राई हलके के आरएमपी डाक्टर एसोसिएशन ने अपनी समस्या से अवगत करवाया। जैनपुर गांव के सरपंच परविन्द्र ने गांव में व्यायामशाला, आंगनवाड़ी केन्द्र के भवन का अधुरा पड़ा निर्माण कार्य, तालाब का अधुरा काम पूरा करवाने की मांग की। विधायक ने संबधित विभाग के अधिकारी को निर्माण कार्य शुरू करवाने के आदेश दिए। ताजपुर गांव के सरपंच सुरेन्द्र ने गांव में बंदरों के आंतक से अवगत करवाते हुए बंदरों को पकड़वाने की मांग की। सरंपच ने बताया कि बंदर आए दिन लोगों को काटने के साथ घर व छत पर सुख रहे कपड़ों को उठा ले जाते हैं।

### दुष्कर्म के मामले में जमानत पर आकर महिला व उसके पति से अभद्रता का आरोप

**सोनीपत।** सेक्टर-27 शहर थाना क्षेत्र में दुष्कर्म के मामले में जमानत पर आए आरोपित पर महिला से अभद्रता करने व उसके पति से गाली-गलौच सहित बच्चों को जान से मारने की धमकी देने के आरोप का मामला सामने आया है। महिला ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस आरोपित की तलाश कर रही है। एक महिला ने बताया कि 2023 में मार्च माह में आरोपित ने उसके साथ दुष्कर्म किया था। हाल में वह जमानत पर आया हुआ है। उसने उसके पास फोन कर दुष्कर्म के मामले में गवाही देने पर जान से मारने की धमकी। गत छह जुलाई को उसके फोन पर कॉल कर गंदी-गंदी गालियां देने लगा। विरोध करने पर उसे व उसके बच्चों को जान से मारने की धमकी दी। उसका पति पत्थर लगाने का काम करता है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 0130-2989288, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

# बीस लाख से बनेगी 1000 फुट लंबी फिरनी, विधायक ने किया शिलान्यास

- पंचायत की मांगों में उन कार्यों को प्राथमिकता दी जाती, जिनसे लोगों को सीधी सुविधा मिले : कादियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

20 लाख रुपए की लागत से 1000 फुट लंबी और 35 फीट चौड़ी फिरनी का अगवानपुर गांव में निर्माण होगा। शुक्रवार को हलका विधायक देवेंद्र कादियान ने नारियल फोड़कर निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इससे पहले गांव पहुंचने पर ग्रामीणों ने विधायक का फूलमालाओं से स्वागत किया और आभार जताया। लोगों ने बताया कि पिछले 15 साल से फिरनी खस्ताहाल थी। बरसात में हालात और बिगड़ जाते थे। गांव के बीच से गुजरने वाली यह फिरनी भोगीपुर रोड को भी जोड़ती है। निर्माण पूरा होने पर करीब 300 घरों को फायदा मिलेगा। विधायक कादियान ने मौके पर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिए। विधायक ने कहा कि गन्नौर हलके में कई विकास योजनाएं चल रही हैं। हलके के किसी भी व्यक्ति को किसी भी प्रकार की समस्या नहीं आने देंगे। विकास कार्यों के लिए यदि कोई मांग हलके से आती है तो उन्हें भी पूरा करवाने का प्रयास रहता है। उन्होंने कहा कि गांवों में अब शहरी तर्ज पर काम हो रहा है। इस मौके पर सरपंच, ब्लॉक समिति चेयरमैन अनिल कुमार, सोनू, राजल, दिलभारत, सुभाष पंच, विनोद त्यागी मौजूद रहे।



गन्नौर। विधायक देवेन्द्र कादियान फिरनी के निर्माण कार्य का शिलान्यास करते हुए। फोटो : हरिभूमि



गोहाना। मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा को स्मृति चिह्न देते आयोजक। फोटो : हरिभूमि

### नि:स्वार्थ भाव से इलाके की सेवा ही लक्ष्य : अरविंद शर्मा

**गोहाना।** कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि भाजपा की प्रदेश सरकार का लक्ष्य सबका साथ-सबका विकास की विचारधारा के साथ विकास कार्यों को रफ्तार देने का है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हम नि:स्वार्थ भाव के साथ इलाके की सेवा करने के उद्देश्य के साथ काम कर रहे हैं। इसके लिए हम हर समुदाय व हर वर्ग के साथ मिलकर आगे बढ़ेंगे। मंत्री शुक्रवार को शहर की पुरानी अनाज मंडी स्थित अग्रवाल सत्संग भवन में श्रीराम मंदिर अग्रवाल सत्संग सभा द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में में बतौर मुख्य अतिथि अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। विशिष्ट अतिथि हिसार से विधायक सावित्री जिंदल रहीं। शर्मा ने कहा कि हमारी सोच नि:स्वार्थ भाव के साथ इलाके की सेवा करने की है और इसके लिए सबका साथ सबका विकास की नीति पर काम कर रहे हैं।

# ठेका सफाई कर्मचारियों ने सांसद को सौंपा ज्ञापन


हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

ठेका सफाई कर्मचारी एकता मंच सोनीप, मूल निवासी कर्मचारी कल्याण महासंघ और सहयोग बलि सेना यूनियन के प्रतिनिधिमंडल ने यूनियन के प्रधान मुकेश टांक के नेतृत्व में सोनीपत के सांसद सतपाल ब्रह्मचारी, कांग्रेस प्रवक्ता राकेश सौदा और पूर्व विधायक सुरेन्द्र पंवार से मुलाकात कर ठेका सफाई कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा। यूनियन ने बताया कि 24 मई 2018 को हरियाणा सरकार द्वारा पत्र जारी किया गया था, जिसके तहत नगर निगमों, नगर पालिकाओं और परिषदों में कार्यरत ठेका सफाई कर्मचारियों को नियमित रूप से निगम के पेरोल पर लिया जाना था। प्रदेश के अधिकांश जिलों में इस आदेश के तहत कर्मचारियों को पेरोल पर लिया जा चुका है। यहां तक कि सोनीपत जिले के गोहाना में भी यह प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। लेकिन सोनीपत नगर निगम में अभी तक किसी भी ठेका सफाई कर्मचारी को पेरोल पर नहीं लिया गया है। यूनियन ने आरोप लगाया कि यह सोनीपत नगर निगम के ठेका सफाई कर्मचारियों के साथ सौतेला व्यवहार है, जिसके लिए सरकार और निगम प्रशासन जिम्मेदार हैं। इस पर सांसद सतपाल ब्रह्मचारी ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि उनकी मांगों को प्राथमिकता के आधार पर सरकार के समक्ष रखा जाएगा और वे इस दिशा में पूरी गंभीरता से कार्रवाई करेंगे। हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता राकेश सौदा ने भी कर्मचारियों को पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर सावन कुमार, युधिष्ठिर, अमित, प्रवीण, विजय तोमर, रविंद्र, बलराज बामणिया सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।



सोनीपत। सांसद को ज्ञापन सौंपते हुए सफाई कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
आवश्यकता है
भारत के तेजी से बढ़ते हिन्दी समाचार-पत्र हरिभूमि को सोनीपत शहर में डोर-टू-डोर मार्केटिंग के लिए उत्साही, योग्य व आकर्षक व्यक्तित्व वाले युवक-युवतियों की आवश्यकता है, जो मीडिया के क्षेत्र में कैरियर बनाना चाहते हैं



आयु : 18 से 30 वर्ष तक
योग्यता : 10+2 या इससे अधिक
वेतन : योग्यतानुसार (वेतन बुकिंग अनुसार)
मिलने का समय : प्रात: 11.00 से सायं 5.00 बजे तक (कार्यदिवस को)
अपना बायोडाटा मोबाइल नं. 9253681005 पर व्हट्सअप करें या hbcircurtk@gmail.com मेल करें।
सम्पर्क करें :- हरिभूमि कार्यालय
बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 0130-2989288, 8814993443, 9253681005